संख्याः 2—220 / 2019—हि0प्र0वि0वि0(सा0)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
"सामान्य प्रशासन शाखा"

प्रेषित,

1. आचार्य सिकन्दर कुमार, माननीय कुलपति, हि0प्र0वि0, शिमला—5
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि0प्र0 सरकार, शिमला—2
3. प्रधान सचिव (शिक्षा), हि0प्र0 सरकार, शिमला—2
4. शिक्षा निदेशक, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला—1
5. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान, अधिष्ठाता शिक्षा संकाय हि0प्र0वि0, शिमला—5
6. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त—विज्ञान संकाय, आई.जी.एम.सी. शिमला—1
7. श्री आशिथ कुमार मिश्रा, प्राचार्य, राज0 महाविद्यालय देहरी, जिला कांगड़ा, हि0प्र0
8. श्री राकेश कुमार, माननीय विधायक, विधान सभा, सुन्दरनगर निर्वाचन क्षेत्र, गॉव जुंघ, डा0 व तह0 सुन्दरनगर जिला, मण्डी हि0प्र0।
9. आचार्य एस.एस. कंवर, जैव—प्रौद्योगिकी विभाग, हि0प्र0वि0, शिमला—5
10. श्री सुभाष ठाकुर, माननीय विधायक, विधान सभा, बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र, मकान नं.23 / 4, सैक्टर—2, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (हि0प्र0)
11. श्री प्रेम राज, अनुभाग अधिकारी, मूल्यांकन शाखा, हि.प्र.वि शिमला—5
12. आचार्य एन.के. शारदा, मंगलयान कंगनाधार, फेज-III, शिमला—9
13. आचार्य वी.पी. शर्मा, वशिष्ट भवन, बीलो पुलिस पोस्ट समरहिल, शिमला—5
14. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह—आचार्य, पत्रकारिता विभाग, इक्डोल, हि0प्र0वि0, शिमला—5

दिनांकः शिमला—5, 10 DEC 2019

**विषयः— कार्यकारिणी परिषद की वर्ष 2019 की चतुर्थ नियमित बैठक की कार्यवाही।**

महोदय / महोदया,

कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की चतुर्थ नियमित बैठक जो दिनांक 23 नवम्बर, 2019 को पूर्वाहन 11:00 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई, की कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

(घनश्याम चन्द)हि.प्र.से.
कुलसचिव / सदस्य—सचिव

पृष्ठांकन संख्याः सम । दिनांकः 10 DEC 2019

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित हैः—

1— प्रधान सचिव कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि0प्र0 राज भवन, शिमला।
2— अधिष्ठाता अध्ययन / छात्र कल्याण / निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र / वित्त अधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक, हि0प्र0वि0, शिमला—5
3— समस्त संकायों के अधिष्ठाता / समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि0प्र0वि0, शिमला—5
4— संयुक्त परीक्षक, स्थानीय लेखा विभाग / सहायक कुलसचिव (स्था0), हि0प्र0वि0, शिमला—5
5— प्राचार्य, हि0प्र0वि0 सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, शिमला —1
6— प्रभारी, हि0प्र0वि0 वैब—साईट, हि0प्र0वि0, शिमला —5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब—साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
7— उप कुलसचिव(कुलपति कार्या0) / अनुभाग अधिकारी(कुलसचिव कार्या0), हि0प्र0वि0, शिमला—5
8— सचिव कुलपति, हि0प्र0वि0, शिमला—5
9— रक्षक मिसिल ।

कुलसचिव

# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
## 'सामान्य प्रशासन शाखा'

.....

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की चतुर्थ नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 23 नवम्बर, 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आचार्य सिकन्दर कुमार, कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

1. श्री नवनीत कपूर, उप सचिव (शिक्षा), नामिति प्रधान सचिव (शिक्षा)
2. श्री डी. डी. शर्मा, नामिती, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं सचिव (वित्त), हि0प्र0
3. आचार्य एस.एस. कंवर, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग
4. आचार्य आशु कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता दन्त–विज्ञान संकाय
5. आचार्य (श्रीमती) रंजना भान,अधिष्ठाता शिक्षा संकाय
6. आचार्य एन.के. शारदा, नामिति कुलाधिपति
7. आचार्य वी.पी. शर्मा, नामिति कुलाधिपति
8. श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, सह–आचार्य
9. श्री प्रेम राज, प्रतिनिधि गैर–शिक्षक कर्मचारी
10. श्री घनश्याम चन्द (हि.प्र.से.) कुलसचिव **सदस्य–सचिव**

**<u>मद संख्या–1:</u> कुलपति महोदय का वक्तव्य।**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की चतुर्थ नियमित बैठक में कुलपति महोदय ने सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2019 की चौथी नियमित बैठक में मैं आप सभी सम्माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। मैं कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य रहे आचार्य श्याम लाल कौशल का महत्वपूर्ण विषयों में निर्णय लेने में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं तथा नई सदस्य आचार्य रंजना भान का स्वागत करता हूं।

इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियां और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः-

1. दिनांक 2 जुलाई, 2019 को चण्डीगढ़ में चयन समिति की बैठक में भाग लिया।
2. दिनांक 6 जुलाई, 2019 को निर्माण मण्डल के कर्मचारियों के साथ विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य हेतु बैठक की अध्यक्षता की।
3. दिनांक 15 जुलाई, 2019 को होटल हॉलिडे होम में जल जागरूकता कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
4. दिनांक 17 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस से सम्बन्धित सभी समन्वयकों के साथ उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।
5. दिनांक 18 जुलाई, 2019 को राज भवन में माननीय राज्यपाल के सम्मान में आयोजित समारोह में भाग लिया।
6. दिनांक 19 जुलाई, 2019 को होटल हॉलीडे होम में नई शिक्षा पद्धति पर आधारित कार्यशाला में विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया।
7. दिनांक 22 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय का 50वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में माननीय मुख्य मन्त्री हिमाचल प्रदेश व विशिष्ट अतिथि, माननीय शिक्षा मन्त्री थे।
8. दिनांक 22 जुलाई, 2019 को राज भवन में माननीय राज्यपाल महोदय के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।
9. दिनांक 27 जुलाई, 2019 को पॉटर हिल के समीप चायली रोड़ में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
10. दिनांक 28 जुलाई, 2019 को गेयटी थियेटर में श्री गुरू नानक देव जी की 550वीं जन्मशति कार्यक्रम में भाग लिया।
11. दिनांक 1 अगस्त, 2019 को विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के होस्टल का लोकार्पण किया गया।

12. दिनांक 1 अगस्त, 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के खेल व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गुणात्मक प्रयास हेतु विश्वविद्यालय में खेलकूद परिषद् की 48वीं वार्षिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

13. दिनांक 2 अगस्त, 2019 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

14. दिनांक 2 अगस्त, 2019 को विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता प्रकोष्ठ की बैठक की अध्यक्षता की।

15. दिनांक 3 अगस्त, 2019 को राज भवन में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के समक्ष विश्वविद्यालय की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

16. दिनांक 4 अगस्त, 2019 को पीटर हॉफ में डॉ.यशवंत सिंह परमार जी की 113वीं जन्मशति पर आधारित कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

17. दिनांक 6 अगस्त, 2019 को समिति कक्ष में गुणवत्ता लेखा परीक्षा से सम्बन्धित कार्यशाला की अध्यक्षता की।

18. दिनांक 6 अगस्त, 2019 को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में माननीय मुख्य न्यायाधीश के साथ बैठक आयोजित की गई।

19. दिनांक 7 अगस्त, 2019 को बलदेयां पंचायत शिमला में वन महोत्सव यात्रा आयोजित की गई।

20. दिनांक 10 अगस्त, 2019 को मानव अधिकारों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

21. दिनांक 15 अगस्त, 2019 को विश्वविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया।

22. दिनांक 16 अगस्त, 2019 को यू.आई.आई.टी. की इंडक्शन मीटिंग आयोजित की गई।

23. दिनांक 17 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में ज्ञानोत्सव 2076 में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

24. दिनांक 17 व 18 अगस्त, 2019 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षणिक परिषद् द्वारा आयोजित "शिक्षक शिक्षा यात्रा" "स्थानीय से वैश्विक" सम्मेलन में भाग लिया।

25. दिनांक 21 अगस्त, 2019 को विधि विभाग में एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित "जलवायु परिवर्तन और सतत विकास" विषय पर कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

26. दिनांक 21 अगस्त, 2019 को कुलपति कार्यालय में दिव्यांग विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय सौन्दर्यकरण, ई.आर.पी.सिस्टम, विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का ऑटोमेशन, विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य से सम्बन्धित बैठकों की अध्यक्षता की।

27. दिनांक 27 अगस्त, 2019 को समिति कक्ष में विश्वविद्यालय में केन्द्रीय छात्र संघ चुनाव से सम्बन्धित उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

28. दिनांक 27 अगस्त, 2019 को कालीबाड़ी हॉल में शिमला संगीत संकल्प द्वारा आयोजित संगीत संध्या में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया ।

29. दिनांक 31 अगस्त, 2019 को समिति कक्ष में अधिष्ठाताओं, निदेशकों व विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

30. दिनांक 2 सितम्बर, 2019 को यू.आई.आई.टी. की पांच दिवसीय कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

31. दिनांक 2 सितम्बर, 2019 को कुलपति कार्यालय में कार्यकारी आई.टी.आई. लि. के साथ विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. सिस्टम से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

32. दिनांक 4 सितम्बर को कुलपति कार्यालय में कम्प्यूटर, प्रोजेक्ट तथा ई.आर.पी. सिस्टम को सुदृढ़ बनाने हेतु एक बैठक आयोजित की गई।

33. दिनांक 5 सितम्बर, 2019 को आई.टी.आई. शिमला में रक्त दान शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

34. दिनांक 5 सितम्बर, 2019 को पीटर हॉफ में ''अध्यापक दिवस-2019'' के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया।

35. दिनांक 6 सितम्बर, 2019 को समिति कक्ष में आंतरिक गुणवत्ता विश्वसनीयता प्रकोष्ठ की बैठक की अध्यक्षता की।

36. दिनांक 9 सितम्बर, 2019 को सभागार में आयोजित ''अतः विषयक रूझानों पर परमहंस योगेन्द्र अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

37. दिनांक 9 सितम्बर, 2019 को परिसर में 'हिमालयन डे फ्लैग ऑफ' आयोजित किया गया।

38. दिनांक 11 सितम्बर, 2019 को राज भवन में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।

39. दिनांक 11 सितम्बर, 2019 को कुलपति कार्यालय में अध्यापक भर्ती से सम्बन्धित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

40. दिनांक 14 सितम्बर, 2019 को विज्ञान हॉल में 'हिन्दी उत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

41. दिनांक 15 सितम्बर, 2019 को होटल पीटर हॉफ में 'प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल का बचाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

42. दिनांक 16 सितम्बर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय सीमा में आयोजित युवा उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप भाग लिया।

43. दिनांक 18 सितम्बर, 2019 को मरिना होटल, शिमला में 'कारावासों में कैदियों के सकारात्मक जुड़ाव' पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

44. दिनांक 24 सितम्बर, 2019 को विधि विभाग में 'भारतीय इतिहास में जलियांवाला बाग़ नरसंहार पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया।

45. दिनांक 24 सितम्बर, 2019 कुलपति कार्यालय में प्रशासन में दक्षता पर आधारित बैठक की अध्यक्षता की।

46. दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को राज भवन में माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के साथ बैठक में भाग लिया।

47. दिनांक 26 सितम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूल के वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

48. दिनांक 27 सितम्बर, 2019 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया ।

49. दिनांक 28 सितम्बर, 2019 को वि0 वि0 सभागार में पंचवर्षीय विधि संस्थान द्वारा "साइबर कानून और साईबर अपराध-मुद्दे और चुनौतियां" विषय पर आधारित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

50. दिनांक 30 सितम्बर, 2019 को गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद में भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित कुलपति सम्मेलन में भाग लिया।

51. दिनांक 5 अक्तूबर, 2019 को विश्वविद्यालय सभागार में यू.आई.आई.टी. उत्कर्ष-2019 में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

52. दिनांक 11 अक्तूबर, 2019 को द रिज शिमला में 'समर्थ-2019' आयोजन में भाग लिया।

53. दिनांक 11 अक्तूबर, 2019 को समिति कक्ष में 'हिमालयन जैव विविधता और जैव संसाधन उपयोग' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

54. दिनांक 11 अक्तूबर, 2019 को कुलपति कार्यालय में सैप सम्बन्धी परामर्श दात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

55. दिनांक 12 अक्तूबर, 2019 को सरस्वती विद्या मन्दिर में गायत्री परिवार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

56. दिनांक 12 अक्तूबर, 2019 को होटल हॉलिडे होम में विश्वविद्यालय के रसायन विभाग की स्वर्ण जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

57. दिनांक 13 अक्तूबर, 2019 को लक्कड़ बाज़ार के रिगल में महर्षि बाल्मिकी की जयन्ती के अवसर पर 'प्रकट उत्सव' में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

58. दिनांक 14 अक्तूबर, 2019 को पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रकट दिवस (वाल्मिकी जयन्ती) के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

59. दिनांक 15 अक्तूबर, 2019 को वि. वि. सभागार में केन्द्रीय छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

60. दिनांक 17 अक्तूबर, 2019 को कुलपति कार्यालय में अमेरिकी दूतावास कैथरीन फिशर, सार्वजनिक राजयनिक अधिकारी के साथ शिक्षा का आदान-प्रदान हेतु बैठक की अध्यक्षता की।

61. दिनांक 19 अक्तूबर, 2019 को विश्वविद्यालय सभागार में माननीय राज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित एक संगोष्ठी में भाग लिया।

62. दिनांक 20 अक्तूबर, 2019 को भारतीय उच्च्च अध्ययन संस्थान के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया।

63. दिनांक 22 अक्तूबर, 2019 को समिति कक्ष में नैक सम्बन्धी सभी समन्वयकों के साथ बैठक की अध्यक्ष्ता की।

64. दिनांक 24 अक्तूबर, 2019 को समिति कक्ष में इक्डोल के सीजीपीए स्केल प्वाईंट से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता की।

65. दिनांक 25 अक्तूबर, 2019 को कुलपति कार्यालय में रसायन विभाग की परामर्श दात्री की समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

66. दिनांक 28 अक्तूबर, 2019 को कुलपति कार्यालय में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया।

67. दिनांक 31 अक्तूबर, 2019 को कुलपति कार्यालय के बाहर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण करवाई गई।

68. दिनांक 2 नवम्बर से 5 नवम्बर, 2019 तक विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कार्यों हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, यू.जी.सी, आई0सी0एस0एस0आर0, ए0आई0सी0टी0ई0, सामाजिक अधिकारिता मन्त्रालय, जल संसाधन मन्त्रालय, वित्त मन्त्रालय व उद्योग मन्त्रालय के मन्त्रियों व अधिकारियों से मुलाकात की व विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र निपटाने की गुज़ारिश की।

69. दिनांक 7 नवम्बर, 2019 को धर्मशाला में भारत के सम्माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में भाग लिया।

70. दिनांक 10-19 नवम्बर, 2019 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विदेशी विद्यार्थियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

71. दिनांक 11 नवम्बर, 2019 को समिति कक्ष में विवेकानन्द केन्द्र नाभा, शिमला द्वारा आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

72. दिनांक 16-17 नवम्बर, 2019 को जम्मू में उत्तर क्षेत्रीय कुलपति सम्मेलन में भाग लिया।

73. दिनांक 18 नवम्बर, 2019 को गौतम महाविद्यालय हमीरपुर में युवा उत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया।

74. दिनांक 20 नवम्बर, 2019 को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग में छंटनी परीक्षा समिति की बैठक में भाग लिया।

75. दिनांक 20 नवम्बर, 2019 को कुलपति कार्यालय में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से सम्बन्धित होने वाले कार्यों हेतु बैठक की अध्यक्षता की।

76. दिनांक 20 नवम्बर, 2019 को अधिष्ठाता छात्र कल्याण व मुख्य सुरक्षा अधिकारी के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

अब मैं, विश्वविद्यालय के कुलसचिव से आग्रह करता हूँ कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

तत्पश्चात कुलपति महोदय ने कुलसचिव से आग्रह किया कि वे आज के लिए प्रस्तावित मदों को परिषद् के सम्मुख चर्चा एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत करें।

......

**मद संख्या–2: कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 28–06–2019 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 28.06.2019 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण किया।

**मद संख्या–3 कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 28–06–2019 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पूर्व बैठक दिनांक 28.06.2019 की मद संख्या–23 के अंतर्गत लिए गए निर्णय को अभिलेखबद्ध(Recording) करने में हुई त्रुटि को निम्नलिखित संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान किया:–

> "कार्यकारिणी परिषद् ने श्री रणजीत सिंह, चालक, हल्का वाहन के अभ्यावेदन के अनुरूप उनकी सेवाओं की नियमितीकरण की तिथि को ढाई माह पूर्व नियतन(Prepone) करके उनके पक्ष में नई अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना के

2

अंतर्गत सेवाएं विनियमित करने को सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान किया।''

इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी परिषद् ने ऐसे समरूप प्रकरणों को पूर्ण तथ्यों सहित कार्यकारिणी परिषद् की आगामी बैठक में विचारार्थ एवं अनुशंसा हेतु प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

......

**मद संख्या–4: माननीय कुलपति महोदय द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए लिए गए निर्णय के संदर्भ में कृत कार्रवाई कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ/पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत है।**

कुलपति महोदय ने उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की है।

......

**मद संख्या–5 कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त हुई है के बारे में।**

कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कोई मद प्राप्त नहीं हुई है।

......

2

मद संख्याः 6 **To place before the Executive Council the matter regarding placing the services of Dr.(Mrs.) Anupama Singh, Professor of Public Administration, ICDEOL, HPU, Shimla on her appointment as Secretary to Vice-Chancellor on secondment basis in the Sardar Vallabh Bhai Patel Cluster University, Mandi for a period of one year from the date of her joining the new assignment w.e.f. 02-03-2019 (AN).**

कार्यकारिणी परिषद् ने डॉ०(श्रीमती) अनुपमा सिंह, आचार्य, लोक प्रशासन, इक्डोल की सरदार वल्लभ भाई पटेल कलस्टर विश्वविद्यालय में, कुलपति के सचिव के पद पर असाधारण अवकाश को प्रतिनियुक्ति (Secondment Basis) पर करने हेतु कुलपति द्वारा लिए गए निर्णय को अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि उक्त संस्थान अथवा शिक्षिका उनकी GPF/CPS देयअंश विश्वविद्यालय कोषागार में जमा करवाएगा/करवाएगी।

......

मद संख्याः 7 **To place before the Executive Council the matter regarding permanent absorption/merger into the main University of the services of Dr. Manish Dulta, Assistant Professor, Public Administration, along with post from Himachal Pradesh University Regional Centre, Dharamshala to Department of Public Administration, H.P.University, Shimla.**

कार्यकारिणी परिषद् ने श्री मनीष दुल्टा, सहायक आचार्य, लोक प्रशासन विभाग को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केन्द्र, धर्मशाला से पद सहित स्थानान्तरित कर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (PG Centre) शिमला में समाहित करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

......

**मद संख्याः 8** **To place before the Executive Council the matter regarding grant of extension in the appointment of Professor (Retd.) Laxman Singh Thakur to head the Dr.Y.S.Parmar Chair in University.**

कार्यकारिणी परिषद् ने आचार्य लक्षमण सिंह ( सेवानिवृत्त) को डॉ० वाई० एस० परमार पीठ के पीठाध्यक्ष के रूप में दिनाँक 24.09.2019 से आगामी आदेशों तक अथवा जब तक पीठ के पीठाध्यक्ष की सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति नही हो जाती, दिए गए विस्तार को अपना अनुमोदन प्रदान किया।

........

**मद संख्या 9:** **शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.06.2019 में लिए गए निर्णयों एवं सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु।**

कार्यकारिणी परिषद् ने शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26.06.2019 में लिए गए निर्णयों एवं सिफारिशों को **संलग्नक** के रूप में अनुमोदित किया।

......

**मद संख्या 10** **कार्यकारिणी परिषद् की बैठक दिनांक 23.03.2017 की मद संख्या--8 के अंतर्गत लिए गए निर्णय की अनुपालना में गठित समिति द्वारा आयोजित बैठकों की कार्यवाही रिर्पोट संलग्नकों सहित कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ।**

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 23.03.2017 की मद संख्या–8 के अंतर्गत लिए गए निर्णय की अनुपालना में गठित समिति द्वारा आयोजित बैठकों की कार्यवाही रिर्पोट को संलग्नकों सहित अनुमोदन प्रदान किया।

......

**मद संख्या:11** **The matter of application of Model Roster of Reservation for direct recruitment to the post(s) of Assistant Professors, Associate Professors and Professors as per UGC Guidelines and also in accordance with the Model Roster of Reservation issued by the UGC & the State Govt. is placed before the Executive Council for consideration and decision.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विस्तार पूर्वक चर्चा के उपरान्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा केन्द्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक वर्ग से सम्बन्धित आरक्षण) अध्यादेश–2019 के अन्तर्गत जारी दिशानिर्देशों जिसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पत्र संख्या F.1-5/2006(SCT) दिनाँक 08-03-2019 द्वारा परिपत्रित किया है को विश्वविद्यालय में अपनाने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

......

**मद संख्या:12** **To place before the Executive Council the proceedings of the Committee constituted by the Vice-Chancellor to review the policy and programme for appointment of Associate Professors and Professors in the University/Colleges as per UGC Regulations 2018.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता अधिनियम, 2018 के अनुरूप विश्वविद्यालय में सह–आचार्य व आचार्य वर्ग की सीधी भर्ती हेतु नीति एवं कार्यक्रम (Policy and Programme) में संशोधन को संलग्नक के अनुरूप अनुमोदन प्रदान किया ।

......

**मद संख्या:13** **The matter regarding providing of special permission for age relaxation in favour of Ms. Arushi Mehra D/o Sh. Arun Kumar.**

The Executive Council approved the relaxation in age for nine months and two days for admission in BALLB course in favour of Ms. Arushi Mehra D/O Sh. Arun Kumar as a special case.

**मद संख्या:14** **एकीकृत (IIHS) हिमालचन अध्ययन संस्थान में सृजित Administrative Officer के पद को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के Deputy Regisrar पद में परिवर्तित करने हेतु मामला कार्यकारिणी परिषद के समक्ष प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान में सृजित Administrative Officer के पद को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव पद में परिवर्तित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

......

**मद संख्या:15** **Department of Interdisciplinary Studies, एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वर्तमान में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के पदनाम संबंधी मामले को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने के संदर्भ में।**

कार्यकारिणी परिषद् के सम्मानीय सदस्य श्री एन. के. शारदा व आचार्य एस. एस. कंवर ने Department of Interdisciplinary Studies, एकीकृत हिमालयन अध्ययन संस्थान, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वर्तमान में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के पदनाम संबंधी मामले को आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु सिफारिश की जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने मामले को अगली बैठक में प्रस्तुत करने हेतु अपनी अनुशंसा प्रदान की।

......

**मद संख्या:16** **To place before the Executive Council the matter regarding to review the suspension and to enhance the rate of subsistence allowance in favour of Prof.Pramod Sharma, University Business School (MBA) (under suspension)..**

The Executive Council noted with approval the extension of suspension for 180 days w.e.f. 29.08.2019 and to enhance the rate of subsistance allowance in favour of Prof. Pramod Sharma, UBS (under suspension)

......

**मद संख्या:17** **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 31–10–2019 को परिचालन द्वारा (By circulation) सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही रिर्पोट कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने बारे।**

कार्यकारिणी परिषद् ने वित्त समिति की दिनांक 31.10.2019 को परिचालन द्वारा (By circulation) सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट व विश्वविद्यालय द्वारा जारी पदो के सृजन की अधिसूचना संख्या 9–30/2000–HPU(Genl.) Vol-II दिनांक 13.11.2019 को **संलग्नक** के अनुरूप अनुमोदित किया।

......

**मद संख्या:18** **To place before the Executive Council the matter of correction in the recording in the decision of the Executive Council taken vide item no.10 of its meeting held on 31-05-2019 for consideration and approval.**

कार्यकारिणी परिषद् ने 'हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र' का नाम परिवर्तित कर "सांध्यकालीन अध्ययन विभाग" करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

......

**मद संख्या:19** **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार दूरवर्ती शिक्षण के माध्यम से चलाए जा रहे स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा कोर्सों के छात्रों को सुविधा प्रदान करने के लिए इकडोल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा 05 शिक्षार्थी सहायता केन्द्र सृजित किए गए है तथा इन्हें संचालित करने के लिए नियुक्त manpower को गठित समिति की अनुशंसा के अनुसार मानदेय छात्र निधि मद से प्रदान करने बारे मद कार्यकारिणी परिषद के समक्ष विचारार्थ अनुमोदनार्थ या ऐसे आदेश जैसा कि परिषद उचित समझे प्रस्तुत हैं।**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार दूरवर्ती शिक्षण के माध्यम से चलाए जा रहे स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा कोर्सों के छात्रों को सुविधा प्रदान करने के लिए इक्डोल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जो 05 शिक्षार्थी सहायता केन्द्र सृजित किए गए है का संचालन करने के लिए नियुक्त श्रमशक्ति (manpower) को गठित समिति की अनुशंसा के अनुसार समन्वयक के लिए रूपये 1500/– प्रतिमाह, लिपिक के लिए रूपये 800/– प्रतिमाह तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों हेतु रूपये 400/–प्रतिमाह मानदेय छात्र निधि से प्रदान करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

......

**मद संख्या: 20** **The matter of providing residential accommodation in the Faculty House of the University to the Deputy Controller, Resident Audit Scheme, H.P.University is placed before the Executive Council for consideration and decision.**

कार्यकारिणी परिषद् ने मद पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त स्थानीय लेखा, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त उप–नियंत्रक, श्री विजय कुमार वालिया को विश्वविद्यालय संकाय गृह में कार्यालय दर अर्थात रू0 100/– प्रति दिन की दर से ठहरने हेतु जुलाई 2019 से अपनी स्वीकृति प्रदान की तथा जब तक उनके ठहरने की

वैकल्पिक व्यवस्था नही हो जाती तब तक उन्हें संकाय गृह में उपरोक्त दर पर ठहरने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

......

**मद संख्याः 21** **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षान्त समारोह को आयोजित करने बारे मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत हैं।**

कार्यकारिणी परिषद् ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षान्त समारोह को आयोजित करने हेतु कुलपति द्वारा लिए गए निर्णय को अपनी स्वीकृति प्रदान की।

......

**मद संख्याः 22** **To place before the Executive Council for approval the matter of change of Academic Robes and rates there to for the XXV Convocation scheduled for 29th November.**

कार्यकारिणी परिषद् ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अध्यादेश 41.6 के प्रावधान के अधीन अकादमिक परिधान में भारतीय वेशभूषा के अनुरूप परिवर्तन हेतु कुलपति द्वारा लिए गए निर्णय को स्वीकृति प्रदान की।

......

**मद संख्याः23** **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शिक्षक एवं गैर– शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती प्रकिया आनलाइन करने बारे मामला कार्यकारिणी परिषद के अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय में शिक्षक व गैर–शिक्षक वर्ग की भर्ती के लिए विज्ञापन व आवेदन पत्र में ऑनलाइन प्रक्रिया विश्वविद्यालय वेबसाईट के अतिरिक्त ईलैकट्रॉनिक मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से अपना कर जारी करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसके अतिरिक्त परिषद् ने गैर–शिक्षक वर्ग की भर्ती प्रक्रिया प्रदेश

सरकार से नवीनतम दिशा–निर्देशों को अपनाकर विज्ञापन तदोनुरूप जारी करने हेतु भी अनुमोदन प्रदान किया।

......

मद संख्या: 24 **To place before the Executive Council, the proceedings of the meeting of the committee constituted by the Hon'ble Vice Chancellor, H.P.University to examine the issue of conversion of pay scale of Rs. 2000-3500 to Rs. 2200-4000 (pre revised) to the Fieldmen/Field Assistants of the Cost of Cultivation Scheme.**

कार्यकारिणी परिषद् ने कुलपति द्वारा जोत लागत योजना में कार्यरत फील्डमैन/फील्ड असिस्टेंट के पद हेतु गठित समिति की सिफारिशों को वेतनमान रू0 2000–3500 से रू0 2200–4000 (pre revised) में परिवर्तन हेतु संलग्नक के रूप मे अनुमोदित किया।

......

मद संख्या: 25 **To place before the Executive Council the matter regarding amendment of Statutes 17(2) & (3) of First Statutes of Himachal Pradesh University, 1970 for constitution of Selection Committee for the posts of Professor, Associate Professor and Assistant Professor as per provision of UGC Regulations, 2018.**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के शिक्षक वर्ग से सम्बन्धित निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अधिनियम 2018 के अनुरूप चयन समितियों के गठन हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिनियम की धारा 17(2) व (3) में आवश्यक निम्नलिखित संशोधन हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की :–

**Proposed Amendment**

Statutes 17(2)

Every Selection Committee shall consist of the Vice-Chancellor who will be the Chairman thereof and in addition, the Selection Committees for making recommendations for appointment to a post specified in column 1 of the Table below shall have as its members the persons specified in the corresponding entry in column 2 of the said Table:

Provided that for the post of Associate Professor & Assistant Professor, the Vice-Chancellor or his/her nominee, who has at least ten years of experience as Professor, shall be the Chairman of the Committee.

TABLE

| Name of Post<br>1 | Membership of the Selection Committee<br>2 |
|---|---|
| **Professor** | i) Vice-Chancellor shall be the Chairperson of the Committee.<br><br>ii) An academician not below the rank of Professor to be nominated by the Chancellor, wherever applicable.<br><br>iii) Three experts in the subject/field concerned to be nominated by the Vice-Chancellor out of the panel of names approved by the relevant statutory body of the University.<br><br>iv) Dean of the Faculty, wherever applicable.<br><br>v) Head/Chairperson of the Department/School.<br><br>vi) An academician belong to the SC/ ST/ OBC/ Minority/ Women/ Differently-abled categories, if any of the candidates representing these categories is the applicant, to be nominated by the Vice-Chancellor, if any of the above members of the selection committee does not belong to that category.<br><br><u>Note</u>: At least four members, including two outside subject experts, shall constitute the quorum. |
| **Associate Professor** | i) The Vice-Chancellor or his/her nominee, who has at least ten years of experience as Professor, shall be the Chairperson of the Committee.<br><br>ii) An academician not below the rank of Professor to be |

| | |
|---|---|
| | nominated by the Chancellor, wherever applicable.<br><br>iii) Three experts in the subject/field concerned nominated by the Vice-Chancellor, out of the panel of names approved by the relevant statutory bodies of the University.<br><br>iv) Dean of the faculty, wherever applicable.<br><br>v) Head/Chairperson of the Department/ School.<br><br>vi) An academician representing SC/ ST/ OBC/ Minorities/ Women/Differnetly-able categories, if any of the candidates belonging to these categories is the applicant, to be nominated by the Vice-Chancellor, if any of the above members of the selection committee does not belong to that category.<br><br>Note: At least four members, including two outside subject experts, shall constitute the quorum. |
| **Assistant Professor** | i) The Vice-Chancellor or his/her nominee, who has at least ten years of experience as Professor, shall be the Chairperson of the Committee.<br><br>ii) An academician not below the rank of Professor to be nominated by the Chancellor.<br><br>iii) Three experts in the subject concerned nominated by the Vice-Chancellor, out of the panel of names approved by the relevant statutory bodies of the University.<br><br>iv) Dean of the Faculty concerned, wherever applicable.<br><br>v) Head/Chairperson of the Department/ School concerned.<br><br>vi) An academician representing SC/ ST/ OBC/ Minority/ Women/ Differnetly-able categories, to be nominated by the Vice-Chancellor, if any of the candidates from any of these categories is an applicant and if any of the above members of the selection committee does not belong to that category.<br><br>Note:Four members, including two outside subject experts, shall constitute the quorum. |
| Statutes 17(3) | |

| |
|---|
| Three members of the Selection Committee including the Chiarman shall form the quorum provided that one of them must be nominee of the Chancellor;<br>Provided that for the post of Professor, Associate Professor and Assistant Professor at least four members, including two outside subject experts, shall constitute the quorum. |

......

**मद संख्या 26:** **To place before the Executive Council the recommendations/proceeding of the meeting of the committee of its held on 19-11-2019 regarding implementation/vetting of Model Roster of reservation in direct recruitment to the Teaching & Non-Teaching cadre/post in the University**

कार्यकारिणी परिषद् ने विश्वविद्यालय में शिक्षक वर्ग की सीधी भर्ती हेतु 200–प्वांईट मॉडल रोस्टर (200-Point Model Roster) ऑफ रिजर्वेशन जिसकी कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति द्वारा विविक्षा की गई है को अवलोकित कर अनुमोदित किया।

......

**मद संख्या 27** **राजकीय महाविद्यालय बडसर जिला हमीरपुर, हि०प्र० को निरीक्षण समिति की सिफारिशानुसार स्थायी सम्बन्द्धता प्रदान करने बारे मामला कार्यकारिणी परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।**

कार्यकारिणी परिषद् ने राजकीय महाविद्यालय बडसर को स्थायी सम्बद्धता प्रदान करने के मामले के परीक्षण हेतु निम्नलिखित समिति के गठन हेतु अनुमोदन प्रदान किया:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद् | अध्यक्ष |
| 2. | अधिष्ठाता (योजना एवं शिक्षक मामले) | सदस्य |
| 3. | सहायक कुलसचिव(शैक्षणिक) | सदस्य–सचिव |

कार्यकारिणी परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्त समिति की

2

अनुशंसाऐं अगली बैठक में निर्णय हेतु प्रस्तुत की जाऐं ।

......

मद संख्या 28 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में वर्ष 2016 में शेष 09 सुरक्षा रक्षकों जिनको प्रथम दृष्टा बिना सृजित पदों के भाड़े पर प्रतिमाह निश्चित वेतन रू० 8517/- पर लगाया गया था तथा जिनकी सेवाओं को कार्यकारिणी परिषद के निर्णय दिनांक 10.03.2016 के अनुसार अनुबन्ध आधार पर परिवर्तित किया गया है तथा सरकार की अनुबन्ध कर्मियों को नियमित की नीति के अनुसार दिनांक 01.04.2019 से नियमित आधार पर नियुक्त किया गया है द्वारा उनके वेतन को भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कोटे के विरूद्ध सेना में प्रदान की गई सेवाओं के आधार पर वांछित वेतन वृद्धियां प्रदान करने बारे अनुरोध व इस बारे गठित समिति की सिफारिशें कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचरार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

कार्यकारिणी परिषद् ने मद पर विस्तृत चर्चा उपरान्त निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय के सुरक्षा विंग में कार्यरत सुरक्षा रक्षकों के पद पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति को भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित कोटे के अन्तर्गत नियुक्ति माना जाए तथा उन्हें सभी देय लाभ एवं वेतनवृद्धियाँ प्रदान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

..........

मद संख्या 29 **To place before the Executive Council the matter consideration issuance of NOC for doing one year rotating internship after passing Four year of BDS courses in respect of Shivangi Shi Vastwa D/o Sh. Udai Kumar Srivastwa**

The Executive Council approved the adoption of DCI instructions contained in letter No. DE-1/Misc.-III/2018/10041 dated 1-03-2019 for implementation in the University regarding issuance of NOC for doing one year paid rotating internship programme. The EC further approved the permission for issuance of the NOC by the University in favour of Ms.Shivangi Shrivastwa

D/o Sh. Udai Kumar Srivastwa, after obtaining the necessary recommendations of the Director, Medical Education and Research to the Govt. of Himachal Pradesh.

......

**मद संख्या 30:** **शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.11.2019 में लिए गए निर्णयों एवं सिफारिशों को कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ हेतु मामला प्रस्तुत करने बारे।**

कार्यकारिणी परिषद् ने शैक्षणिक परिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 16.11.2019 में लिए गए निर्णय एवं सिफारिशों को **संलग्नक** के रूप में अनुमोदित किया।

......

**मद संख्या 31:** **To place the matter of Creation of 04 Post (s) of Mess Helper, personal to the incumbents i.e. Sh.Chet Ram Mali (Initially Mess Helper), Sh.Jagat Ram, Mali (Initially Mess Helper), Sh. Puran Chand, Mess Helper and Sh.Narinder Singh, Daftri (Initially Mess Helper) and for relaxation in the terms and conditions regarding completion of number of years required for regularization of services under the policy dated 03.04.2000 is submitted before the Executive Council for consideration and approval/ recommendations of the Council, fixing thereby, the revised date(s) of regularization, as may be deemed fit.**

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वश्री चेत राम, माली, जगत राम, माली, पुरन चन्द, मैस हैल्पर तथा नरेन्द्र सिंह, दफ्तरी की सेवाओं के नियमितीकरण हेतु दिनांक 03.04.2000 में सेवाकाल की निर्धारित शर्तों एवं अनुबन्धों में छूट प्रदान करते हुए माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार व विश्वविद्यालय के कानुनी सलाहाकार के अभिमत के अनुसार इन्हें दिनांक 31.12.2002, 31.12.2002, 31.12.2002 तथा 31.12.2001 क्रमानुसार से नियमित करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

......

अन्य मदें:-

कार्यकारिणी परिषद् के सम्मानीय सदस्य श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने परिषद् को अवगत करवाया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा CWPIL No. 103/2017 dated 05-11-2018 में पारित आदेशों के अनुरूप विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों को विभिन्न पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु 5% आरक्षण को लागू करने की मांग उठाई जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने उपरोक्त न्यायालय के निर्णयानुसार परीक्षण हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कुलसचिव | अध्यक्ष |
| 2. | अधिष्ठाता योजना एवं शिक्षक मामले | सदस्य |
| 3. | डॉ० अजय कुमार श्रीवास्तव, सहायक आचार्य | सदस्य |
| 4. | आचार्य नागेश ठाकुर, भौतिक विभाग | सदस्य |

इसके अतिरिक्त श्री अजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय में आवास आबंटन में भी दिव्यांगजनों को 4% आरक्षण प्रदान करने का मामला उठाया। इस पर कुलपति ने नियमानुसार आगामी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

माननीय सदस्य श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने परिषद् को अवगत करवाया कि सुलभ पुस्तकालय(Accessible Library) में दिव्यांग छात्रों को सहायता हेतु 01 कनिष्ठ कार्यालय सहायक(आई. टी.) को नियुक्त किया जाए। जिस पर कुलपति ने 01 कनिष्ठ कार्यालय सहायक(आई. टी.) की तैनाती करने हेतु आश्वस्त किया।

कार्यकारिणी परिषद् ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु विश्वविद्यालय पुस्तकालय में स्थापित किए जा रहे शौचालयों एवं अन्य सुविधाओं की समय-समय पर निगरानी हेतु कुलसचिव को निर्देश जारी किए।

कार्यकारिणी परिषद् के सम्मानीय सदस्य, आचार्य एस. एस. कंवर ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्वयं वित्त पोषित योजनाओं/प्रोजेक्टों के अंतर्गत सृजित निधि को विश्वविद्यालय के समग्र निधि(Corpus Fund) में 70-75% जमा करने हेतु सुझाव दिया तथा शेष निधि का 25-30% इन विभागों के पास आवश्यक सामग्री खरीद हेतु रखने का प्रस्ताव रखा। इस पर कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी विभागों से विभिन्न

प्रकार की सामग्री इत्यादि खरीदने के लिए विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट में प्रावधान हेतु सूची/प्रस्ताव वित्त अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे तथा वित्त अधिकारी द्वारा इसका समायोजन वार्षिक बजट में किया जाएगा। कुलपति ने स्वयं वित्त पोषित योजनाओं के संचित निधि को समग्र निधि में नियमानुसार जमा करने का भी आश्वासन दिया।

आचार्य एस. एस. कंवर ने एल. एल. बी., बी.सी.ए., तथा बी. बी.ए. परीक्षाओं के परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को वाहन भत्ता प्रदान करने बारे मामला उठाया जिस पर कुलपति महोदय ने मामले का परीक्षण कर वित्त समिति की बैठक में आवश्यक अनुशंसा हेतु प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया।

कार्यकारिणी परिषद् ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय घोषित करवाने हेतु एक ज्ञापन कार्यकारिणी परिषद् की ओर से केन्द्र सरकार को हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा जिस हेतु कुलपति को उचित कार्यवाही करने हेतु परिषद् ने अधिकृत किया।

अंत में कार्यकारिणी परिषद् ने विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्रों पर चर्चा की जिस पर कुलपति ने आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों की सभी मांगों पर विश्वविद्यालय पहले ही सजग है तथा आवश्यक कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है। हालांकि कुलपति ने यह भी सूचित किया कि विद्यार्थियों की मांग पर विश्वविद्यालय पुस्तकालय के समय में परिवर्तन करना असंभव है तथा छात्र संघ चुनाव की मांग पर कुलपति ने आश्वासन दिया कि प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल व कानून व्यवस्था के मद्देनज़र आवश्यक निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

(घनश्याम चंद) हि.प्र.से.
कुलसचिव
सदस्य–सचिव

पुष्टिकरण
(आचार्य सिकन्दर कुमार)
कुलपति/सभापति